मुख्यमंत्री ने बलौदाबाज़ार में गढ़कलेवा का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

23 जनवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाज़ार ज़िला मुख्यालय में 3 हज़ार स्क्वायर फीट में निर्मित गढ़कलेवा का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस दौरान मुख्यमंत्री ने गढ़कलेवा का अवलोकन किया और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर गढ़कलेवा में व्यवस्थाओं की जानकारी ली।
- मुख्यमंत्री को अर्चना महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी, अईरसा, चौसेला, तसमई, करी लड्डू, सोहारी अन्य विविध प्रकार के व्यंजन गढकलेवा में उपलब्ध रहेंगे।
- उन्होंने बताया कि गढ़कलेवा में दूध से दही एवं घी तथा डिब्बा बंद सूखा आयटम, तिल लड्डू, नमकीन, करी लड्डू, सलोनी, मूरकू, खाजा, बालूशाही, खुरमी, बिजौरी भी खरीददार खरीद सकते हैं।
- गढ़कलेवा में आने वाले ग्राहकों के बैठने के लिये आउटडोर और इनडोर की व्यवस्था की गई है, जहाँ पर ग्राहक पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि गढ़कलेवा में ग्रामीण परिवेश का अनुभव कराने के लिये अलग से कुरिया का निर्माण किया गया है। जहाँ पर ज़मीन पर बैठकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाने के लिये गोबर से लिपाई की गई है। गढ़कलेवा में आकर्षक सेल्फी पाइंट सहित वाईफाई की सुविधा मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-gadh-kalewa-in-balodabazar